कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी गौतमबुद्धनगर।

पत्रांक– ✓ /जि0का0अ0/आं0वा0का0चयन पत्रा0/2023–24/दिनांक– 15-03-2024

प्रेस विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या 19/2023/3975/58–1–2022–2/1(22)10 टी.सी.। लखनऊ दिनांक 21 मार्च 2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद गौतमबुद्धनगर के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनवाड़ी कार्यकत्री के मानदेय (संविदा) पर आधारित निम्न विवरण के अनुसार रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेब साईट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

क्र0स0	परियोजना का नाम	ग्रामीण/ शहरी	आंगनवाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों का विवरण
1	बिसरख	ग्रामीण	22
2	जेवर	ग्रामीण	18
3	दादरी	ग्रामीण	34
4	दनकौर	ग्रामीण	23
5	शहर	शहरी	15
		योग–	112

उपरोक्त ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। साथ ही विभागीय वेबसाईट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञप्ति की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः–

1–विज्ञापित पदो हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगीं।

2–रिक्त पदो (आंगनवाड़ी कार्यकत्री) हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी।

3–आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्रामसभा का स्थाई निवासी एवं ग्रामसभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में संबंधित न्याय पंचायत की स्थाई निवासी होना अनिवार्य है।

4–आवेदिका की आयु कट ऑफ डेट 01–01–2024 को न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।

5–विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाईट http://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाइन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नही किये जायेगें। दिनांक 16 मार्च 2024 से पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किये जा सकते है।

6–विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 05 अप्रैल 2024, मध्यरात्रि 12.00 बजे तक होगी।

7–उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाईट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय अथवा जिला कार्यक्रम अधिकारी गौतमबुद्धनगर के कार्यालय कमरा न0–110, भूतल विकास भवन सूरजपुर ग्रेटर नोएडा से कार्यालय दिवस में प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 5.00 बजे के मध्य जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

(पूनम तिवारी)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
गौतमबुद्धनगर।

प्रकाशन के लिए नही

पृष्ठाकंन पत्र संख्या– 1242-49 तद् दिनांक

प्रतिलिपिः–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ।

2–जिलाधिकारी , गौतमबुद्धनगर।

Scanned with OKEN Scanner

3–मुख्य विकास अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।

4–जिला सूचना अधिकारी जनपद गौतमबुद्धनगर को इस अनुरोध के साथ कि इस विज्ञप्ति को शासकीय दर पर **एक स्थानीय एवं एक प्रदेश स्तर के समाचार–पत्र** में प्रकाशित कराकर भुगतान हेतु बिल अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रेषित करनें का कष्ट करें।

5–समस्त तहसीलदार, एवं समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद गौतमबुद्धनगर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करे।

5–समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी जनपद गौतमबुद्धनगर।

6–नाजिर, कलैक्ट्रेट एवं नाजिर विकास भवन को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करे।

7–कार्यालय प्रति।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
गौतमबुद्धनगर।

Scanned with OKEN Scanner